दिन—शनिवार दिनांक— 29/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि— 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र उन्नीस दिसंबर तक चलेगा।

————————————————————

अठारहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र एक दिसम्बर से शुरू हो रहा है। इस सत्र से विधानसभा के सभी कार्य पेपरलेस होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक अपनी मेज पर लगे टैब से ही सवाल और पूरक प्रश्न पूछ सकेंगे। नेवा योजना के तहत विधान परिषद के बाद विधानसभा की कार्यवाही में भी कागज के उपयोग को समाप्त किया जा रहा है। इधर, पांच दिवसीय सत्र के दौरान विधानसभा भवन की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के विशेष प्रबंध किये गये हैं। पटना सदर के अनुमंडल

पदाधिकारी गौरव कुमार ने विधानसभा के आस–पास किसी तरह के प्रदर्शन, जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है।

————————————————————————

महागठबंधन विधायक दल की बैठक आज पटना में आयोजित की जा रही है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में एक दिसम्बर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव में हार के कारणों समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की सम्भावना है। राजद के पच्चीस और कांग्रेस, वाम दल और आईआईपी के नवनिर्वाचित विधायक बैठक में शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

सूचना प्रावैधिकी सह–खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य में कृत्रिम बुद्धिमता–एआई के व्यापक उपयोग के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। सुश्री सिंह ने आज आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कहा कि राज्य में तीन जगहों पर एआई सेंटर ऑफ एक्सिलेंस की स्थापना की जाएगी। खेल विभाग की जिम्मेदारियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में मेडल लाओ–नौकरी पाओ योजना के तहत खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। सुश्री सिंह ने कहा कि राजगीर क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द पूरा होने के बाद यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आयोजित करने के लिए बीसीसीआई से संपर्क किया जाएगा।

————————————————————————

प्रदेश में कई स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न भागों में मौसम प्रायः शुष्क बना रहा। विभाग के अनुसार इस अवधि में सबसे कम न्यूनतम तापमान बारह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम दृश्यता छह सौ मीटर पूर्णिया में दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में क्रमिक गिरावट हो सकती है। वहीं, अधिकतर स्थानों पर सुबह और शाम के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

————————————————————————

शेखपुरा के जिलाधिकारी आरिफ अहसन ने शिक्षा विभाग में अनुकम्पा के आधार पर छह अभ्यर्थियों को विद्यालय लिपिक और विद्यालय परिचारी पद के नियुक्ति पत्र प्रदान किये।

बीपीएससी द्वारा टीआरई–वन और टीआरई– टू के पूरक परिणाम के बाद कटिहार जिले में आज एक सौ ग्यारह सफल अभ्यर्थियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने नियुक्ति पत्र और पदस्थापना पत्र दिया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।